PT (Ia) work sheet. (Session: 2026-27) Subject: Hindi Class : V

Name:________ Sec:______

खंड- क : पठन कौशल

प्रश्न १- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए व्यायाम करना बहुत आवश्यक है। व्यायाम करने से शरीर चुस्त और बलवान बनता है। व्यायाम करने से शरीर से पसीना निकलता है जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकल जाती है। शरीर स्वस्थ होने से मन भी स्वस्थ और प्रसन्न रहता है। इससे काम करने में रुचि बढ़ती है।

साथ ही, सैर करना स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। प्रातःकाल का मौसम बहुत ही सुहावना होता है। वातावरण स्वच्छ और सुगंधित होता है। इस समय हमें शुद्ध वायु प्राप्त होती है। फूल खिले होते हैं। पेड़ हवा के झोकों से झूमते हैं, पक्षी चहचहाते हैं। ऐसे समय में सैर करने का आनंद ही सच्चा आनंद है। सैर करना एक प्रकार का व्यायाम है। गांधीजी ने इस व्यायाम को सभी व्यायामों का राजा कहा है। प्रातःकाल की सैर सभी लोगों के लिए अत्यधिक लाभदायक है। सुबह सैर करना, दौड़ लगाना, रस्सी कूदना, तैरना, साइकिल चलाना तथा खेलना, ये सब व्यायाम हैं।

प्रश्न १-व्यायाम करने से शरीर से क्या निकलता है?

क- कैल्शियम ख-गंदगी ग-ऑक्सीजन

प्रश्न २- किस समय पर सैर करना अधिक लाभदायक होता है?

क- प्रातःकाल ख- सायंकाल ग- रात्रि

प्रश्न ३ -गांधीजी ने किस व्यायाम को सभी व्यायामों का राजा कहा है?

क-) दौड़ लगाना ख- रस्सी कूदना ग - सैर करना

प्रश्न ४ -निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रकार का व्यायाम नहीं है?

क- सुबह सैर करना ख-पढ़ाई करना ग- तैरना

प्रश्न ५- शरीर स्वस्थ होने से मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

प्रश्न ६- प्रातःकाल के समय वातावरण का वर्णन कीजिए।

प्रश्न ७- निम्नलिखित गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए:-

क- विश्व : जगत ::_______ :खुश ख- सुस्त शब्द का विलोम शब्द

खंड- ख:- व्याकरण

प्रश्न १- सही विकल्प चुनकर लिखिए:-

१- अपने मन के भावों और विचारों को दूसरों तक पहुँचाने के साधन को क्या कहते हैं?

क-लिपि ख- भाषा ग-व्याकरण

२- दो अलग-अलग व्यंजनों से मिलकर बने व्यंजन को ______कहते हैं।

क-संयुक्त व्यंजन ख-द्वित्व व्यंजन ग-संयुक्ताक्षर

प्रश्न-२ अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:-

क-जो पहले न पढ़ा गया हो

ख-जिस पर विश्वास न किया जा सके

प्रश्न-३ वर्ण-विच्छेद कीजिए:-

क-भक्ति -

ख- श्रम -

ग- त्रिपाठी-

प्रश्न-४ निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:-

क-अतिथि-

ख-आकाश-

प्रश्न-५ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

क- भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या हैं?

ख- स्वरों के भेदों के नाम लिखिए।

ग- हिंदी वर्णमाला में कुल कितने वर्ण होते हैं?

घ- भाषा के कितने रूप होते हैं? लिखिए।

ड.- राजभाषा किसे कहते हैं?

प्रश्न-६ निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:-

क- अंधकार ख-आस्तिक ग- अमृत

प्रश्न ७-रिक्त स्थान भरिए:-

क- अंग्रेज़ी भाषा की लिपि _______है।

ख- विसर्ग का उच्चारण______होता है

ग- हिंदी दिवस ___________को मनाया जाता है।

घ-भाषा लिखने के ढंग को______ कहते हैं।

प्रश्न ८- निम्नलिखित शब्दों में से छाँटकर लिखिए:-

(रक्षा, अंत: ,दिल्ली, मक्खन, बाज़ार, चाँद, बंदर)

क-द्वित्व व्यंजन - ख-अनुनासिक- ग- संयुक्ताक्षर-

घ- नुक्ता- ड.-अनुस्वार- च-विसर्ग-

छ- संयुक्त व्यंजन

खंड -ग : रचनात्मक कौशल

प्रश्न ९-आपको खाँसी-जुकाम है, इसके लिए अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या जी को तीन दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्रश्न -१० आपको विद्यालय के खेल के मैदान में एक पेंसिल बॉक्स मिला है, इसके लिए छात्रों को सूचित करने हेतु सूचना तैयार कीजिए।

खड़- घ : साहित्य

प्रश्न ११-पठित गद्यांश :-

राजा पीछे हट गया। तीसरी मूर्ति भी अपने पंख फैलाकर उड़ गई। फिर तीन दिन तक उपवास और प्रार्थना करने के बाद राजा सिंहासन की ओर बढ़ा। उसके पैर लड़खड़ा गए। चौथी मूर्ति ने कहा, "ठहरो ! जो लड़के इस सिंहासन पर बैठते थे, वे भोले-भाले थे। उनके मन में कलुष नहीं था।

क-ऊपर लिखी पंक्तियों में 'उसके' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?

ख-किसके मन में कलुष नहीं था।

ग- राजा ने उपवास और प्रार्थना क्यों की?

प्रश्न १२- निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए:-

क-प्रायश्चित

ख-ज़्यादा

प्रश्न १३- निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए:-

क-पाठ 'न्याय की कुर्सी' की कहानी के अंत में क्या हुआ?

ख-ज़मीन के अंदर से जो सिंहासन निकला था, उसके बारे में लिखिए।